समाचार

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# 19 जनवरी को वार्ड क्र. 02, 11, 20, 33, 41, 53, 55, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

## (अब तक 347 शिविरों के माध्यम से की गई 17382 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)



कोरबा 18 जनवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 19 जनवरी मंगलवार को वार्ड क्र. 02, 11, 20, 33, 41, 53, 55 व 62के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 347 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 17382 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 347 शिविरों के माध्यम से 17382 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

**मंगलवार 19 जनवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 जनवरी 2021 मंगलवार को वार्ड क्र. 02 गणेश पण्डाल गेरवाघाट, वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणबन काली मंदिर रोड, वार्ड क्र. 20 आरामशीन सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 33 रामपुर आंगनबाड़ी मड़वारानी मंदिर के पास, वार्ड क्र. 41 परसाभाठा कांजी हाउस के पास, वार्ड क्र. 53 प्राथमिक शाला गेरवाघाट, वार्ड क्र. 55 रक्सीपारा सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 62 नरईबोध स्कूल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।